13 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 4/13/2025 9:51 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 14 अप्रैल 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 पुष्पा स्टाइल में तस्करी : 92 किलो गांजा जब्त



Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE
DROPPER COURSE
FOUNDATION COURSE
अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुरा 1 नं., जगदलपुर (छ.ग.)
9202462730

# बेस तैयार लेकिन वर्षों बाद भी स्थापित नहीं हो पाई डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच स्थापित संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को विस्थापित करने की योजना ठंडे बस्ती में चली गई है। वर्षों पूर्व प्रतिमा को स्थापित करने के लिए तैयार किया गया बेस भी अब देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। इसके साथ ही चौक पर भी लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है और भारी वाहनों के आवागमन में दिक्कत हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रतिमा को विस्थापित करने के लिए अब तक कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

14 अप्रैल को देशभर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी और सरगुजा में भी अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा लेकिन शहर के बीच स्थापित डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। वर्षों से स्थापित प्रतिमा अब पुरानी हो चुकी है इसके साथ ही आए दिन चौक पर वाहनों की टक्कर से चौक भी क्षतिग्रस्त होते रहता है। बड़ी बात यह है कि निगम क्षेत्र में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए चौक चौराहों से प्रतिमाओं को विस्थापित हेतु पहल की गई थी इस हेतु पूर्व में पीजी कॉलेज के सामने पुराने संसद भवन के मॉडल की तर्ज पर बेस तैयार भी किया गया। लगभग 20 लाख रूपए खर्च कर बेस तैयार होने के बाद भी प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाई और अब बेस की स्थिति जर्जर होती जा रही है। इसके साथ ही लाखों खर्च कर तैयार किया गया बेस सिर्फ राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर लगाने के काम आ रहा है। इसके साथ ही अम्बेडकर चौक शहर सबसे व्यस्त मार्ग है और इस मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इस दृष्टि से भी चौक को स्थापित करने की जरूरत है।

### पुराने चौक की हालत जीर्ण शीर्ण

#### संगठनों के साथ पहल की जरूरत

अम्बेडकर चौक से प्रतिमा को स्थापित करने में लेटलतीफी को लेकर जो बात सामने आई है उसके मुताबिक्र पूर्व में निर्माण का भुगतान नहीं होने से मामला पेंडिंग हो गया था इसके साथ ही सामाजिक संगठनों की आशंका है कि प्रतिमा को चौक से हटाने के बाद इस चौक का नाम बदल दिया जाएगा। यही वजह है कि सामाजिक संगठन प्रतिमा को स्थापित करने को तैयार नहीं हो रहे है। ऐसे में जरूरी है कि जिला प्रशासन, नगर निगम सरकार सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त करे की भले ही प्रतिमा विस्तापित की जाएगी लेकिन चौक का नाम नहीं बदला जाएगा। इसके साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विशाल और सम्मानजनक प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



#### की जाएगी पहल

प्रतिमा को विस्थापित किया जाना है। इस संबंध में जिला प्रशासन की मदद से पहल कर सामाजिक संगठनों की बैठक ली जाएगी।

-डीएन कश्यप, आयुक्त ननि

### खबर संक्षेप

#### डॉ. अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आज



**अम्बिकापुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को प्रदेश भर में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा है। इसी क्रम में जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण से होगी, जिसके पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इस गरिमामयी आयोजन में 10 समाज प्रमुखों के साथ-साथ जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण को सादर आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मोर दुवार साय सरकार अभियान के अंतर्गत आवास पखवाड़ा सर्वेक्षण की शुरुआत भी की जाएगी। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएमएवाईजी ग्रामीण पंचायत एंबेसडर (आवास साथी) की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही भू-जल संरक्षण एवं वाटर हार्वेस्टिंग तकनीकों को अपनाने के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। कार्यक्रम के एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्से में सरगुजा जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना हेतु सीएससी के वीएलई एवं सरपंचों के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इस आयोजन में दोपहर 3 बजे से मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

#### घर से बाइक की चोरी सीसीटीवी में घटना कैद

**लखनपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर से चोरों ने एक चिकित्सक के घर से केटीएम बाइक की चोरी की है। चिकित्सक के घर से चोरी का सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ. हीरेन्द्र पैकरा ने अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 10 एएस 2983 को 9 अप्रैल की शाम 6 बजे घर के बाहर मुख्य गेट के अंदर खड़ा किया था। 10 अप्रैल की सुबह जब चिकित्सक बाहर निकले तो उनकी बाइक मौके पर नहीं थी। अज्ञात चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़ने के बाद बाइक की चोरी कर फरार हो गए। इस दौरान चोरी की वारदात घर के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। चिकित्सक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### जिले के 90 प्रतिशत संस्थाओं में नहीं है आग लगने पर बचाव के प्राथमिक उपाय के साधन

# दमकल विभाग ने 360 संस्थानों को जारी किया नोटिस, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में संचालित किसी अस्पताल, व्यावसायिक संस्थान, लघु उद्योग, सिनेमा हाल या किसी अन्य व्यावसायिक संस्थान, गोदाम में आग लगने की घटना होती है तो आग पर काबू पाना दमकल विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। ऐसा इस लिए क्यों कि इन संस्थानों में आगजनि की घटना से बचाव के लिए किसी प्रकार की सुरक्षा प्रणाली को स्थापित नहीं किया गया है। ऐसा नहीं है कि अग्निशमन विभाग द्वारा इन संस्थानों को कोई चेतावनी नहीं दी गई है। अब तक जिले में 360 ऐसे संस्थानों का दमकल की टीम ने निरीक्षण किया और उन्हें कमियों को दूर करने का नोटिस भी दिया गया लेकिन प्रक्रिया सिर्फ नोटिस दिए जाने तक ही सीमित रह गई। विभाग का कहना है कि उन्हें सिर्फ नोटिस देने तक का ही अधिकार है और यही वजह है कि संस्थान के संचालक दमकल विभाग के नोटिस को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

**खास बात**

- संस्थान भी नहीं ले रहे गंभीरता से, कमियों को नहीं किया गया दूर, बिना एनओसी के हो रहा संचालन

बता दें कि भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और गर्मी का मौसम आने के साथ ही आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती है। वैसे तो वर्ष भर शोर्ट सर्किट व अन्य कारणों से अलग अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं वर्षभर सामने आती रहती है लेकिन गर्मी का मौसम आने के बाद आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। ऐसे में यदि सरगुजा जिले में आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए किए जाने वाले सुरक्षा उपायों की बात की जाए तो शासकीय संस्थान हॉस्पिटल, कॉलेज, स्कूल, विभागीय कार्यालयों के साथ ही गोदाम, बड़े दुकान, सिनेमा हाल, राईस मिल, सहित अन्य स्थानों में भारी पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। इन घटनाओं पर लगाम लगाने और सुरक्षा की दृष्टि से ही दमकल विभाग द्वारा समय समय पर इन संस्थानों के निरीक्षण किए जाते है और कमियों को दूर करने का निर्देश दिया जाता है लेकिन संस्थान के संचालकों पर नोटिस का कोई असर नहीं होता नजर आ रहा है।

ऐसा इसलिए क्योंकि वर्ष 2023 से अब तक दमकल विभाग द्वारा समय समय पर किए गए निरीक्षण के बाद कुल 360 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इन नोटिस में उन्हें निर्धारित समय पर अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था करने के साथ ही कमियों को दूर कर दमकल विभाग को सूचित करने को कहा गया था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि नोटिस को किसी भी संस्थान ने गंभीरता से नहीं लिया।



फायर स्टेशन।

### सिर्फ नोटिस देने का अधिकार

बताया जा रहा है कि दमकल विभाग के पास सिर्फ किसी संस्थान में जाकर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करना और कमियां पाए जाने पर उन्हें दूर करने के लिए नोटिस दिए जाने तक का ही अधिकार है। दमकल विभाग किसी संस्थान पर ना ही जुर्माना लगा सकता है और ना ही कोई अन्य कार्रवाई कर सकता है। यही वजह है कि संस्थान इसे गंभीरता से नहीं ले रहे है। कमियों को दूर करने के बाद कोई भी एनओसी लेने के लिए दमकल विभाग के पास नहीं पहुंचा। बड़ी बात तो यह है कि निरीक्षण के लिए गठित जांच दल में दमकल के साथ ही नगर निगम, जिला प्रशासन के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होते है। जांच में सामने आई कमियों को दूर नहीं करने पर जिला प्रशासन की ओर से भी कोई समीक्षा नहीं की जाती है और ना ही कोई कार्रवाई की जाती है।

#### 48 अस्पतालों में मिली कमियां

आगजनी की घटनाओं से बचने के उपायों को लेकर सबसे बड़ी कमी शासकीय व निजी अस्पतालों में देखने को मिली है। दमकल विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में कुल 48 अस्पतालों का निरीक्षण किया था। इसमें निजी अस्पतालों के साथ ही शासकीय पीएचसी, सीएचसी के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल का भवन भी शामिल है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां संभाग भर के मरीज आते रहते है और दर्जनों उपकरणों का लोड है वहां किसी प्रकार के सुरक्षा मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे पहले भी अस्पताल में कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी है और यदि भविष्य में कोई भीषण घटना होती है तो इससे निपटना काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

### इन संस्थानों का भी बुरा हाल

अस्पताल के अतिरिक्त शहर में संचालित मैरिज हाल, होटल, गोदाम, राईस मिल, कोल्ड स्टोरेज, सिनेमा हाल, लघु उद्योग, शासकीय कार्यालयों में आगजनी से बचने के लिए सुरक्षा उपकरणों को लेकर बुरा हाल है। बड़ी बात यह है कि शहर में संचालित दुकानों और गोदामों में बड़े पैमाने पर ऐसे समानों को भरकर रखा गया है जो ज्वलनशील है। हाल ही में हार्डवेयर व पेंट के दुकान के साथ ही इसके पूर्व स्पोर्ट्स सेंटर के दुकान में आगजनी की भीषण घटनाएं इसका उदाहरण है लेकिन इन घटनाओं के बाद भी लोगों ने सीख नहीं ली और छोटी सी रकम बचाने के चक्कर में बड़ा नुकसान करा रहे है।

#### होने चाहिए ये उपाय

आगजनी की घटना होने पर किसी भी संस्थान में हर 15-15 मीटर की दूरी पर फायर इंस्टिग्यूशर होना तो अनिवार्य है ही इसके साथ ही बड़े संस्थान में बेसिक स्थापित अग्निशमन प्रणाली स्थापित होनी चाहिए जिसके अंतर्गत स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर, होज रील, फायर अलार्म सिस्टम, फायर एक्जिट रूट, वाहन जाने के लिए जगह, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक व पम्प की वयवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही सीओ-2 व केबीसी पाउडर होना चाहिए। वर्तमान में चार पहिया वाहनों में भी अचानक शोर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं होती है ऐसे में चार पहिया वाहनों में भी एक फायर इंस्टिग्यूशर होना अनिवार्य है।

#### जागरूक करने का करेंगे प्रयास

हमारे द्वारा गठित जांच दल के साथ 360 संस्थानों का निरीक्षण कर कमियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया था। जिले में संचालित 90 प्रतिशत संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की कमी है। हमारे अधिकार में सिर्फ नोटिस जारी करना ही है। आने वाले समय में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

-शिवकुमार कठोतिया
कमांडेंट, नगर सेना



# बेटे की पिटाई से घायल वृद्ध महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/दरिमा

पुत्र की पिटाई से घायल महिला की मौत हो गई। शराब के नशे में मां के कमरे में घुस आए युवक की पिटाई के दौरान वृद्धा बीच में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी लेकिन घटना के बाद वृद्ध महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया और रविवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- शराब के नशे में मां के कमरे में गुसे युवक को मार रहा था आरोपी, बीच बचाव के दौरान वृद्ध हुई थी घायल

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द निवासी 62 वर्षीया मानकुंवर मरावी पति राम नाथ मरावी अपने बच्चों के साथ रहती थी। 10 अप्रैल की रात मानकुंवर का छोटा पुत्र छोटू सिंह मरावी गांव में हो रही शादी से शामिल होकर वापस घर लौटा। इस दौरान उसने देखा कि छोटू का बड़ा भाई शराब के नशे में घर के बरामदे में सो रहा है और उसके साथ बड़े भाई का दोस्त भी है। दोनों बरामदे में सो रहे थे इस लिए युवक अपने कमरे में चला गया। देर रात युवक पेशाब करने के लिए उठा तो देखा कि उसके भाई का दोस्त अपने स्थान पर नहीं है ऐसे में उसने युवक की खोजबीन शुरू की तो वह उसकी मां के कमरे में सोते हुए मिला इसी बात से आक्रोशित होकर छोटू सिंह ने भाई के दोस्त के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक ने भाई के दोस्त की डंडे से पिटाई की। इस दौरान शोर शराबा सुनकर युवक की मां भी वहां पहुंची और बीच बचाव करने लगी। इसी दौरान चार पांच डंडा मानकुंवर को भी लग गया था। महिला के पेट व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई थी लेकिन परिवार के सदस्यों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मारपीट से वृद्ध महिला घर में ही पड़ी रही और उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। घायल महिला को अंदरूनी चोट आई थी और समय पर उपचार सुविधा नहीं मिलने के कारण रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। महिला के मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही आरोपी 20 वर्षीय छोटू सिंह मरावी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि मारपीट के दौरान बीच बचाव करते हुए महिला घायल हो गई थी। महिला को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया और गंभीर चोट के कारण उसकी मौत हो गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# लमगांव हनुमान मंदिर में दर्शन करने गई महिला से चेन स्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना करने मंदिर गई महिला के गले से अज्ञात लुटेरों ने मंगलसूत्र पार कर दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़भाड़ के दौरान लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। प्राप्त जानकारी अनुसार कॉलेज रोड़ सीतापुर निवासी रोशनी गुप्ता पति आशीष गुप्ता हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सपरिवार दर्शन हेतु लमगांव स्थित हनुमान मंदिर हेतु गई हुई थी। हनुमान जन्मोत्सव मनाने दूर दराज क्षेत्र से आये भक्तों की भारी भीड़ जमा थी। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए मौके पर मौजूद लुटेरों ने दर्शन करने गए महिला के गले से मंगलसूत्र पार कर दिया। पीड़ित महिला के बताए अनुसार लुटेरों ने भीड़भाड़ का फायदा उठा वहां से कइ लोगो का सोने का चेन एवं मंगलसूत्र पार कर दिया। महिला को जब अपने गले से मंगलसूत्र पार होने की भनक लगी तब उसके होश उड़ गए। उसने इस घटना के बारे में साथ गए परिजन को जानकारी दी। परिजन ने भीड़भाड़ वाली जगह पर मंगलसूत्र तलाशने की काफी कोशिश इसके बाद महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस रघुनाथपुर चौकी पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# आरक्षक के घर से एके-47 और तीन मैगजीन कारतूस चोरी का चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरक्षक के घर से एके-47 राइफल और 90 राउंड कारतूस की चोरी समेत दो चोरियों के मामले में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अमरकंटक से गिरफ्तार करने के साथ ही जेवर, नगदी समेत अन्य सामान बरामद किया है।

- एमपी के अमरकंटक से पकड़ा गया आरोपी, दो अलग अलग घटनाओं में था शामिल

बता दें कि गांधीनगर निवासी आशीष निश्चल तिर्की बलरामपुर जिला बल में आरक्षक के पद पर पदस्थ है और जिला पंचायत सीईओ की सुरक्षा में तैनात है। आरक्षक आशीष तिर्की 1 अप्रैल को अपने ससुराल बटईकेला गया हुआ था और इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान चोर 1 जोडी सोने का कान बाली, मंगलसूत्र लॉकेट, 2 सोने की अंगूठी, 3 जोड़ी चांदी पायल, 2 बिछिया, सर्विस राइफल एके 47 रायफल, 90 नग जिन्दा कारतुस (तीन मैग्जीन), 2 कार की चाबी, 1 नग बंद मोबाइल बिना सिम के चोरी कर लिया था। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरान्त पूर्व में आरोपी सागर सिंह चौहान, प्रहलाद वासुदेव और शांति सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास से सर्विस राइफल एके 47 एवं 3 मैगजीन 90 राउंड, एक सोने का मंगलसूत्र, 2 नग अंगूठी सोने का, 1 जोड़ी सोने का बाली, 3 जोड़ी चांदी का पायल, 2 जोड़ी चांदी का बिछिया, 1 नग चांदी का शिवलिंग, चोरी के रकम से खरीदे गए सोफा सेट, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, स्पीकर, प्रार्थी के नाम कि गहनो की पर्ची, 1 सेट स्पीकर, 1 नग ब्लूटूथ स्पीकर, 1 नग हेयर ड्रायर, 2 इस्तेमाली जूता कुल किमती मशरुका 20 लाख रुपये जब्त किया गया था। पुलिस की पूछताछ में ⏭ शेष पेज 4 पर



### बरताया गया अटूट लंगर, बड़ी संख्या में शामिल हुए समुदाय के लोग

# गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा में धूमधाम से मनाई गई बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को सिख समाज द्वारा बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा गुरुदारे में विभिन्न धार्मिक आयोजन और लंगर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों के साथ ही नगरवासियों ने हिस्सा लिया और गुरुदारे में माथा टेककर आशीर्वाद लेने के साथ ही लंगर ग्रहण किया गया।

बता दें कि बैसाखी पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंहसभा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के मीडिया प्रभारी सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा रिंकूने बताया कि बैसाखी पर्व के अवसर पर 11 अप्रैल से अखंड पाठ का आयोजन किया गया था और अखंड पाठ की समाप्ति 13 अप्रैल की सुबह 8 बजे की गई। इसके बाद सुबह 11 से 1 बजे तक हजूरी रागी जाता ज्ञानी छतर सिंह द्वारा बड़े ही रसमय भाव से शब्द कीर्तन किया गया। इसके बाद सरदार महेंद्र सिंह टुटेजा, बलराज सिंह लकी एवं एकमजोत सिंह भामरा ने बैसाखी के पर्व पर अपने विचार रखे गए तथा संगीता मिश्रा और आहना छाबड़ा एवं ग्रुप द्वारा रसमय ⏭ शेष पेज 4 पर



### भक्तिभाव से मना खालसा साजना दिवस, शबद कीर्तन से नगर का माहौल भक्तिमय

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में खालसा साजना दिवस व वैसाखी पर्व भक्तिभाव से मनाया गया, इसके लिये सिक्ख समाज व प्रबंधन कमेटी द्वारा एक हफ्ते पूर्व से ही तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई थी,दो दिन पूर्व गुरुद्वारा प्रांगण में निशान साहेब की सेवा पश्चात प्रारम्भ हुए अखंड पाठ की समाप्ति रविवार को सम्पन्न हुई,वैसाखी पर्व व खालसा साजना दिवस को विशेष तौर पर मनाने सम्पूर्ण गुरुद्वारा प्रांगण की फूलों से साज सज्जा कराई गई,सुबह से ही भक्तों व सेवादारों का गुरुद्वारा पहुँच दर्शन करने का सिलसिला चलता रहा, संगत ने श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी के समक्ष मत्था टेककर मंगल कामना की अरदास की,रविवार को अखंड पाठ की समाप्ति पश्चात हजूरी रागी जत्था ज्ञानी करनैल सिंह, हरदेव सिंह व गुरमीत सिंह द्वारा उपस्थित समूह साध संगत को गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन सुना निहाल किया,इस दौरान ज्ञानी करनैल सिंह ने साध संगत को अमृतपान के महत्व को बताया एवं समरण कराया कि सन 1699 को दसवे गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने संगत के बीच से पांच सिक्खों को अमृत छका पंज प्यारे बनाये एवं इन्हीं पंज प्यारों के हाथों स्वयं अमृत छका,वैसाखी के दिन ही खालसा साजना दिवस की स्थापना हुई,रागी जत्थे के कीर्तन होने पश्चात प्रबंधन कमेटी के सचिव जसबीर सिंह टीटू व इशरजोत सिंह बग्गा ने भी शबद कीर्तन किया,अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर प्रारम्भ कराया गया जहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया,आयोजन को सफल बनाने में प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष दलजीत सिंह, जसबीर सिंह, रणबीर भामरा, मंजीत भामरा, परमजीत सिंह पम्मे, सुखदेव सिंह, प्रताप सिंह, इंदरराज सिंह भामरा, रसपाल सिंह, मुख़्तार गिल, सुरजीत चावला, हरजीत सैनी, बख्शीश मान, मनप्रीत सोहल,निंदर सिंह सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप



### शतरंज प्रतियोगिता में अनुराग बने ऑलओवर चैंपियन

**अम्बिकापुर।** मास्टर माइण्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल रविवार को चेस इन स्कूल प्रोजेक्ट के अंतर्गत सीआइएस ओपन एण्ड गर्ल्स चेस टूर्नामेंट अभिजय गोयल अमरेंद्र सिंह, संघ के सचिव सरोज वैष्णव, संयोजक विश्वनाथ मनियन, नेशनल इस्ट्रक्टर शेष रतन जायसवाल की उपस्थिति में खेला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मृत्युंजय कुमार पांडेय ने की। मुख्य आर्बिटर सेजल सिंह और सह निर्णायक काशिस सिन्हा ने प्रतियोगिता का संचालन किया। परिधि गुप्ता, सहज सिंह, सुरभि राय अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम रहे। प्रेरणा तिग्गा, आदर्श वर्मा, कीर्ति बैरागी द्वितीय, मनस्वी हेमंत, वर्तिका गुप्ता, मुकेश बैरागी तृतीय स्थान पर रहे। अनुराग यादव ऑल ओवर चैंपियन बने।

### मूली पड़हा उरांव समाज ने धूमधाम से की सरना पूजा



**सीतापुर।** मूली पड़हा उरांव समाज द्वारा सरना पूजा बड़े धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया। लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम के सामने स्थित उरांव समाज के भवन में सरना पूजा का आयोजन किया गया जहां मूली पड़हा उरांव समाज के लोगो द्वारा पूरे विधि विधान के साथ सरहुल परब मनाया गया। इस दौरान पूरे भक्तिभाव से प्रकृति की उपासना का प्रतीक सरना पूजा की गई। समाज के बैगा द्वारा पूजा अर्चना के बाद क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की गई। सरना पूजा के दौरान काफी संख्या में मूली पड़हा उरांव समाज के बड़े बुजुर्ग महिला पुरुष एवं युवा साथी शामिल हुए। पूजा उपरांत उरांव समाज द्वारा स्टेडियम प्रांगण में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग के सदस्यों ने सरहुल पर्व एवं सरना पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मूली पड़हा उरांव समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत नगर समेत आसपास क्षेत्र से काफी संख्या में मूली पड़हा उरांव समाज के लोग मौजूद थे।

### जनपद पंचायत में हुई सभापति की नियुक्ति



**सीतापुर।** जनपद पंचायत में पीठासीन अधिकारी एसडीएम नीरज कौशिक एवं उप पीठासीन अधिकारी सीईओ एस के मरकाम की उपस्थिति में सभापति का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का को सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का सभापति बनाया गया। जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष बने। इसके अलावा जनपद सदस्य साधना अग्रवाल को कृषि स्थायी समिति, सुश्री कालोनी किंडो को संचार एवं संकर्म स्थायी समिति एवं नाजनीन नाज को सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति का सभापति बनाया गया। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक कूपर कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रवण दास, प्रभात खलखो, नेमलाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनुज एक्का समेत भाजपा नेता समस्त जनपद सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### संत सिंह गहरवार

**अम्बिकापुर।** शहर के गुदरी बाजार निवासी संत सिंह गहरवार आ.स्व.जनार्दन सिंह गहरवार का निधन शुक्रवार को हो गया। वे 57 वर्ष के थे तथा



पूर्व माध्यमिक शाला मानिक प्रकाशपुर में पदस्थ थे। इलाज के दौरान उन्होंने शुक्रवार को एम्स रायपुर में अंतिम सांसें ली। शनिवार को शंकर घाट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्नेही व वार्डवासी शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती गीता सिंह गहरवार एवं पुत्र हर्षित सिंह गहरवार को छोड़ गए है।

### किरोधा देवी

**अंबिकापुर।** शहर के बनारस रोड चठिरमा निवासी श्रीमती किरोधा देवी का 12 अप्रैल को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी और लम्बे



समय से अस्वस्थ चल रही थी। शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वे शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता और आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी की माता थी। निधन उपरान्त श्रीमती किरोधा देवी की इच्छा अनुसार परिवारजन द्वारा उनका अंतिम संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। इस दौरान मुखाग्नि छोटे पुत्र डॉ. डीके सोनी ने दिया। वे अपने पीछे पुत्र मुरली श्याम सोनी, पुत्री उषा सोनी, पुत्र डॉ. डीके सोनी समेत भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गई।

### अधूरी पानी टंकी से ग्रामीण योजना से वंचित

# ग्राम पंचायत पथरई में दो साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी जल जीवन मिशन की टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**
- दिगज राज्य के किशोरो से कराया जा रहा मजदूरी, स्थानीय ग्रामीणों को नही मिल रहा रोजगार

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण के साथ ही घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बासेन के ग्रामीणों के घर के सामने नल कनेक्शन तो लगा दिया गया है परंतु ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए दो साल बाद भी पानी टंकी निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। क्षेत्र के ग्रामीण नल जल योजना से आज भी वंचित है। ठेकेदार की मनमानी व अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। बतौली के ग्राम पंचायत बासेन में घरों के सामने चबूतरा निर्माण व पानी स्टैंड बनाया गया है जो आज भी घरों के सामने का शोभा बढ़ा रहे है। जबकि ग्राम पंचायत के ही पथरई पारा स्कूल समीप 40 लाख की लागत से बनाए जा रहे पानी टंकी दो साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का नतीजा है कि ग्रामीण दो साल बाद भी शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है। ऐसे में ग्राम पंचायत के ग्रामीण गांव के किसी दूसरे के घर कराए गए बोर या फिर कुआं के पानी से निस्तारण व पेयजल के लिए पानी का उपयोग करने को मजबूर है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।



नाबालिग मजजदूर।



शो-पीश लगाए गए नल।

### चबूतरा बना शो पीस

विकासखंड बतौली क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि चबूतरा के साथ नल तो लगा दिया गया परंतु पेयजल सप्लाई नही होने से चबूतरा महज शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि अब ग्रामीण निर्माण कराए गए चबूतरा को उपयोग पेयजल नहीं होने पर मवेशियों को बांध के उपयोग कर रहे है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

विकासखंड बतौली के सबसे बड़े ग्राम पंचायत बासेन में नल जल योजना अंतर्गत पानी सप्लाई करने हेतु पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार के माध्यम से पथरई पारा स्कूल के पास कराया जा रहा है। पानी टंकी का निर्माण लगभग 40 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति से हो रहा है। जिसका ठेकेदार सूरजपुर निवासी गुप्तेश्वर पांडेय द्वारा मध्यप्रदेश के किशोरों से मजदूरी काम कराया जा रहा है। ऐसे में लाखों की लागत से पानी टंकी निर्माण में स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बतौली थाना में दीगर राज्य से आए मजदूरों का थाने में मुसाफिरी भी दर्ज नहीं है जबकि थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है और पुलिस को चोरों को पकड़ने में मशक्कत करनी पड़ रही है।

### नाबालिग से काम करवाना गलत

पानी टंकी निर्माण में दूसरे राज्य के किशोर मजदूरी कर रहे है इसकी जानकारी नहीं है। ठेकेदार द्वारा किशोरों से काम ले रहे है तो वह गलत है।

-कपिल वर्मा, पीएचई अधिकारी

### शुद्ध पेयजल से वंचित ग्रामीण

ग्रामीणों ने पानी टंकी निर्माण में भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने घटिया काम का आरोप ठेकेदार पर लगाया गया है। पिछले 2 वर्षों से पथरई पारा में लाखों की राशि से नल जल योजना अंतर्गत पानी सप्लाई हेतु चबूतरा निर्माण कर पानी स्टैंड लगाया गया है जो शो पीस बना हुआ है। पानी टंकी निर्माण में भी घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। पानी टंकी आधे अधूरे होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण पिछले 2 वर्षों से शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है

### कराई जाएगी जांच

ग्राम पंचायत बासेन के पथरई में नाबालिग से मजदूरी करा रहे है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

-कृष्णा कंवर
नायब तहसीलदार



# कलेक्टर ने ग्राम ओडगी बिहारपुर का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सुशासन तिहार के तहत जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज ओडगी और बिहारपुर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना।

कलेक्टर श्री जयवर्धन द्वारा तहसील बिहारपुर के थारपाथर बिहारपुर और अवन्तिकापुर के ग्रामीणों के बीच जाकर भी उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने सभी 3 पंचायतों बिहारपुर, ठाढ़पाथर और आवंतिकापुर के ग्रामीणों के 700 से ज्यादा आवेदनों की समीक्षा किए। बिहारपुर के चौका पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के समस्यायों को सुनने के लिए बाइक से उनके बीच पहुंच कर संवाद किए। इस दौरान कक्षा पहली के बालक राजन से अंग्रेजी विषय के बारे में पूछा मास्टर राजन के शब्दों का स्पेलिंग सही पाकर बालक को कलेक्टर द्वारा बधाई भी दी गई। दौरे के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की जानकारी अधिकारियों से ली और जिन समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव था, उनके तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

### गोखनई नदी हादसा, युकां जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

**बिश्रामपुर।** कुदरगढ़ धाम दर्शन को जा रहे अंबिकापुर निवासी श्रद्धालु की गोखनई नदी में डूबने से हुई मौत के मामले में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते दिनों रोहित जायसवाल नामक युवक की गोखनई नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के पीछे गोखनई नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन को जिम्मेदार ठहराया गया है।श्री यादव ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा पुलिया के समीप बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे नदी में गहरे गड्ढे बन गए है। इन्हीं गड्ढों में गिरकर युवक की मौत हुई है। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच समिति गठित करने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई कर भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की बात कही है।

# एसईसीएल खदानों से लगातार हो रही कोयले की चोरी

- 9 कोयला चोरों को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंपा गया

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर,गायत्री व आमगांव खदानों से कोयला चोरी का काला कारोबार थम नहीं रहा है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने व अखबारों में खबर प्रकाशित होने पश्चात कोतवाली पुलिस ने दो दिन पूर्व गायत्री खदान के चाहर दिवारी के पास से कोयला चोरों की कुल 14 बाइक जप्त की थी।उसके बाद घटना के दूसरे दिन रविवार की प्रातः त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने 9 कोयला चोरों को खदान के कोल स्टॉक में जबरन प्रवेश कर कोयला चोरी करते रंगे हाथों पकड़ कोतवाली पुलिस को सौंपा है।इस मामले में क्या कुछ कार्यवाही की गई है यह देर शाम तक स्पष्ट नहीं हो सका है। गौरतलब है कि अभी ईंट भट्ठे के सीजन में रेहर,गायत्री,आमगांव खदान से कोयला चोरी के काम में करीब दो सौ बाईक लगी हुई है

बताया गया कि पूर्व में खदानों से कोयला चोरी करने लोग पैदल अथवा सायकल से खदान पहुंचते थे।लेकिन अब कोयला से कमाई बढ़ जाने से कोयला चोरों ने भी खुद को अपडेट कर लिया है।अब चोर महंगी बाईक से कोयला चोरी करने पहुंच रहे हैं।इस कारोबार से जुड़े युवकों ने बताया कि ईंट भट्ठा के सीजन में ही उनका कारोबार बड़े पैमाने में चलता है, बारिश गिरने व ईंट भट्ठे बंद होते ही खरीदी बंद हो जाती है।इस कार्य में खदान क्षेत्र के आस पास दर्जनों गांव के करीब ढाई सौ युवकों के शामिल होने की जानकारी है।



### सूर्य एवं हनुमान मंदिर में विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना

**प्रतापपुर।** स्थानीय पक्की तालाब स्थित हजारों वर्ष पुराना, सूर्य मंदिर एवं हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विधि विधान पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाया गया। दिन में प्रभात फेरी के साथ में पूरा दिन पूजन सहित विभिन्न आयोजन किए गए। श्रद्धालुओं के लिए पूरा दिन पूजा पाठ एवं भंडारे सहित भजन कीर्तन वा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। प्राचीन मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। जहा भारी संख्या में श्रद्धालु का भीड़ उमड़ता है और प्राचीन मंदिर की अपनी अपनी मान्यता और विशेषता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह द्वारा पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने हनुमान



मंदिर में 5 लाख की लागत से छठ घाट व शेड बनाने की घोषणा की। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, मानती सिंह, शरण सिंह, राजेश कश्यप, नवीन नाविक, आनंद शुक्ला, योगेंद्र सिंह, सुमेर कश्यप, अज्जू नायडू, आनंद शुक्ला पुजारी, दीपक दुबे, विजेंद्र कश्यप, पार्षद सौरभ मानिकपुरी, नीलम देवी, सीता पैकरा, बुधराम देवांगन, विकास तिवारी, कृष्ण मुरारी शुक्ला, विक्रम नामदेव, हरिशंकर गर्ग सहित अन्य उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर रामानुजनगर में निकाली गई शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- शोभायात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

हनुमान जन्मोत्सव पर सनातन हिन्दू समाज द्वारा रामानुजनगर में भव्य शोभायात्रा एवं झांकी निकाली। नगर भ्रमण पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। नगर में जगह जगह समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत करते हुए शीतल पेय व फल वितरित किया।

नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई। गांव से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग हाथ मे भगवा झंडा लहराते हुए भगवान राम व हनुमान के जयघोष के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मुख्य बस्ती, बाजार चौक, पिवरी चौक होकर हनुमान मंदिर व महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। शोभायात्रा में नगर के अलावा गांव से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान व भगवान शंकर की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। नगर मे समाजसेवी संगठन व धर्म प्रेमी परिवारों द्वारा बाजार चौक में शरबत व फल वितरण किया। शोभायात्रा का जगह जगह आतिशबाजी के साथ साथ स्वागत व भगवान की झांकी का पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान नागेश नाथ योगी, ब्रजेश राजवाड़े, राजेश साहू, शशिनाथ तिवारी, राज लाल राजवाड़े, अदल सिंह, पवन सिंह, अनिल साहू, गुलाब सिंह, विजय सिंह, रामप्रताप साहू, यादवेन्द्र दुबे, मनोज साहू, सुमित साहू, प्रदीप झा, योगेश साहू, कपिल पाण्डेय, अंबिका साहू, राम सिंह, दशरथ गुप्ता, संदीप जायसवाल, शिवेंद्र पांडेय, राजा सिंह, रोहित शर्मा, संजय साहू सहित अन्य शामिल रहे।

### धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**सोनगरा।** नगर पंचायत जरही के शक्ति नगर स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संगीतमय रामायण पाठ के अखंड पाठ के साथ उत्सव की शुरुआत हुई, जिसका समापन हनुमान जयंती के दिन विशेष पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में हवन पूजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हनुमान की प्रतिमा का विधिवत अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया। पूजा-पाठ उपरांत समिति द्वारा विशाल महा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें खीर, पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल सहित विविध भोग प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। आयोजन समिति के सदस्य जगन्नाथ पांडे ने बताया कि यह आयोजन सभी श्रद्धालुओं के सहयोग और समर्पण से प्रत्येक वर्ष भव्य रूप में सम्पन्न होता है। इस इस दौरान राम सुभाष तिवारी, कौशलेंद्र, शिवराम सिंह, विपिन बिहारी मिश्रा, जगदीश साहू, गोलू तिवारी, प्रेम राजवाड़े, आदर्श, आकाश, महेश, रवि महंत, आशुतोष पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।



### हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**लखनपुर।** शनिवार को नगर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य श्रीराम शोभायात्रा में नगर का वातावरण भक्तिरस में डूब गया। ठाकुरबाड़ी से आरंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर तक पहुंची। मां कर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इस दौरान गूंजती हनुमान चालीसा की स्वर लहरियों ने वातावरण को और भी पावन बना दिया। श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता, बजरंगबली एवं अघोरियों की मसान होली पर आधारित झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर का प्रत्येक कोना भगवा रंग में रंगा नजर आया। नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए जल सेवा, शरबत, नाश्ता एवं पुष्पवर्षा से श्रद्धालुओं की सेवा की। इसके साथ ही शोभा यात्रा के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई जबकि रंग-बिरंगी रोशनी और भगवा प्रकाश की चमक से पूरा नगर प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबा नजर आया। शिव मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### लेन-देन नहीं होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# जिला सहकारी बैंक में अव्यवस्था, ग्रामीणों को नहीं मिल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर में स्थित जिला सहकारी बैंक की हालत काफी दयनीय हो गई है। शादी विवाह के इस सीजन में खाता धारकों को न सिर्फ लेन देन में परेशानी हो रही है बल्कि समय पर रुपए नहीं मिलने से उन्हें कई तरह की परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि बैंक का कैशियर आए दिन शराब के नशे में धुत्त होकर बैंक पहुंचता है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत नहीं की है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से कैशियर के हौसले और भी बुलंद हो गए है जिसका खामियाजा बैंक के खाताधारकों को भुगतना पड़ रहा है।

कुसमी नगर पंचायत में जिला सहकारी बैंक कई वर्षों से संचालित है। जहां कुसमी बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीणों खाता धारक है। ग्रामीणों का आरोप है कि खाते से बिना लोन लिए उसके खाते से 1 लाख रुपए आहरण किया जाना बताया जाता है जिससे वे काफी परेशान है। इसकी शिकायत सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा से की गई। जिस पर विधायक ने बैंक में पहुंचकर ग्रामीण से समस्याएं सुनी तथा उसे




बैंक के सामने ग्रामीणों की भीड़।

तत्काल निराकरण करते हुए किसानों के खाते से एक एक लाख रुपए आहरण होने संबंधित शिकायत पर जांच उपरांत समस्या का समाधान करने की बात कही गई। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक का कैशियर राजीव पैकरा सुबह से ही शराब के नशे में बैंक में बैठे रहते है। बैंक मैनेजर के मुताबिक राजीव पैकरा द्वारा इतना ज्यादा शराब पी रखते है कि उन्हें होश तक नहीं रहता और कई बार तो बैंक में ही गिर गए है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बैंक में खाता धारक जितने भी व्यक्ति किसान है काफी परेशान है। किसी के घर शादी विवाह है तो किसी को इलाज कराने हेतु पैसे की आवश्यकता पड़ रही है। मगर कैशियर राजीव पैकरा के शराब पी रखने के कारण काम नहीं हो पाता और बैंक में भीड़ लगी रहती है। ग्रामीणों ने आए दिन कैशियर राजीव पैकरा के कारण परेशानियों का सामना करने पर कैशियर को तत्काल कुसमी से स्थानांतरण कहीं अन्य जगह करने की मांग की गई है जिससे ग्रामीण की बैंक से राशि आहरण वितरण जैसी समस्या का समाधान किया जा सके।

इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक रामचंद्र ठाकुर ने बताया कि कैशियर राजीव पैकरा प्रतिदिन शराब के नशे में धुत रहते है। नियमतः कैशियर ही राशि को निकाल कर वितरण कर सकता है। कैशियर नशे में इतना धुत है कि बैंक में ही गिर गया था जिसे पानी छिड़ककर किसी प्रकार उठा कर बैठाया पड़ता है। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारी सीईओ को दी गई है।

### सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में दी गई अभियान की जानकारी

**वाड्रफनगर।** शिवशक्ति मीटिंग कक्ष में पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल की अध्यक्षता में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन प्रभारी जपं सदस्य मुकेश गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। सम्मेलन में गांव चलो घर चलो अभियान के तहत भाजपा सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष पुरंजय मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी, जानकी प्रसाद कुशवाहा, जिपं सदस्य रामप्रताप आयाम, अतुल जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद जायसवाल, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष कलाम रंगसाज, दीपक जायसवाल, जनपद पंचायत सदस्य सपना सिंह खुसरो सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकाली जाएगी रैली

**लखनपुर।** सरपंच संघ एवं सर्व मूलनिवासी समाज के द्वारा परम पूज्य बौधी सत्य संविधान निर्माता सिंबल ऑफ नॉलेज विश्व ज्ञानी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती लखनपुर हाई स्कूल मैदान में मनाई जाएगी। इस दौरान हाई स्कूल मिनी स्टेडियम से सुबह 11 बजे रैली निकाली जाएगी जो लखनपुर मेन रोड से होते हुए गोरता चौक आंबेडकर चौक पहुंचेगी। इस दौरान माल्यार्पण कर अम्बेडकर जयंती मनाई जाएगी।

### नपं क्षेत्र में सुशासन तिहार के तहत आए 211 आवेदन

**लखनपुर।** नगर पंचायत में शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस दौरान पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक शिकायती और मांग संबंधित आवेदन लिए गए। विकासखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर जल्द ही किया जाएगा। शासन के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं जिला कार्यालय में भी सुशासन तिहार प्रारंभ कर समाधान पेटी स्थापित की गई है। नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत समस्याओं की निराकरण हेतु आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी ,पानी, बिजली, कार्ड, मूलभूत सुविधाओं के संबंध में 211 आवेदन प्राप्त हुए। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक पहले चरण में आवेदन लिए गए सुशासन तिहार नगर पंचायत लखनपुर कार्यालय में समाधान पेटी रखकर आवेदन लिया गया है।

### मनाया गया स्वामी रामदेव का सन्यास दीक्षा महोत्सव



**अम्बिकापुर।** जीवन ज्योति हॉस्पिटल, महिला पतंजलि योग समिति एवं मातृशक्ति गौ सेवा के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में स्वामी रामदेव का सन्यास दीक्षा दिवस महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में जीवन ज्योति हॉस्पिटल की संचालिका श्रीमती संध्या एवं महिला पतंजलि योग की समिति की जिलाध्यक्ष ममता अग्रवाल ने महापौर मंजूषा भगत को उपहार देकर महोत्सव में 200 से अधिक मरीजों के परिजन को भोजन कराया गया। योग शिक्षिका ममता अग्रवाल ने योग, प्राणायाम, खानपान, घरेलू उपचार, जड़ी-बूटी के बारे में जानकारी दी।

### खाटू श्याम बाबा के दरबार एवं भव्य कीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामानुजगंज।** नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार एवं भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर में पहली बार श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन की भव्यता देखते बन रही थी। श्याम भक्तों का भी उत्साह दोनों दिनों तक चरम पर था। भक्तिमय आयोजन में कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी सम्मिलित होकर श्री खाटू श्याम बाबा के भव्य दरबार में शीश झुकाया। शुक्रवार की शाम श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया।भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देश के जाने-माने भजन गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया जिसके बाद 56 भोग लगाकर ज्योत जलाए गया। हजारों लोगों के द्वारा ज्योत लिया गया। नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान को नगर में पहली बार धार्मिक आयोजन को लेकर भव्य रूप से सजाया गया था। गांधी मैदान में उमड़ी भक्तों की भीड़ के मध्यनजर भंडारा की व्यवस्था लरंगसाय कम्युनिटी हाल में की गई थी।

## पेज 1 के शेष...

### गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा में...

कीर्तन कर उपस्थित संगत को निहाल किया गया। बलराज सिंह लकी और सरदार महेंद्र सिंह टुटेजा द्वारा विस्तार से बैसाखी पर्व के उपलक्ष में अपने विचार रखे गए। बैसाखी पर गुरुद्वारे में अटूट लंगर बरताया गया। इस अवसर पर सिख समाज एवं सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने बैसाखी के पर्व के उपलक्ष पर समस्त नगर वासियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह भाबरा ने किया।

### आरक्षक के घर से एके-47...

यह बात सामने आई थी की गिरोह में शामिल अंकित गुप्ता के साथ मिलकर सभी ने आरक्षक के घर के साथ ही गोधनपुर निवासी प्रवीण कुमार टोप्पो के घर 13 नवम्बर 2024 को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने प्रवीण कुमार टोप्पो के घर से सोन चांदी का जेवर, लैपटॉप की चोरी की थी। पुलिस द्वारा फरार आरोपी अंकित गुप्ता की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मूलतः एमपी शहडोल के जयसिंह नगर हाल मुकाम गांधीनगर डिगमा निवासी 26 वर्षीय अंकित गुप्ता आ. रामनाथ गुप्ता को अमरकंटक से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी का 1 नग सोने का अंगूठी, 1 नग सोने का लॉकेट, 1 नग सोने का नाक का कील, 1 नग आईफोन, 1 नग सिम, 1 नग इलेक्ट्रिक ऑटो, एवं 9334 रूपए नगद जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, उनि रश्मि सिंह, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, महिला आरक्षक तेजेश्वरी राजवाड़े, आरक्षक मनीष सिंह, अशोक यादव, ऋषभ सिंह, पवन यादव, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

## उपयोग नहीं होने के कारण लंबे समय से बंद थी यूनिट

# मकानों का मलबा बना समूह की महिलाओं की कमाई का जरिया, बना रही पेबर ब्लॉक



डिपो परिसर में स्थापित डी एण्ड एफ यूनिट।



निर्माण के लिए समूह द्वारा किया गया कचरे का पृथकीकरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम ने पक्के मकानों के मलबों को समूह की महिलाओं के लिए कमाई का जरिया बना दिया है। ननि की इस पहल से समूह की महिलाएं अब पक्के मकानों के मलबे से नालियों का ढक्कन व प्लेबर ब्लॉक का निर्माण कर रही है। समूह द्वारा निर्मित प्लेबर ब्लॉक को ननि खरीदकर विकास कार्यों में उपयोग करेगा।

**खास बात**

- आयुक्त की पहल से चालू हुई इकाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करने वाले ननि ने कचरा प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रहा है। योजना अंतर्गत घर-घर से कचरा संग्रह करने के साथ ही उपयोगी वस्तुओं को अलग कर उसे रोजगार का साधन बनाया गया है। सूखे कचरे की सामग्रियों को अलग कर समूह की महिलाएं एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से अच्छी कमाई कर रही है। गीले कचरे का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट के लिए किया जा रहा है। स्वच्छता के लिए बड़ी चुनौती बने प्लास्टिक कचरे से समूह की महिलाएं प्लास्टिक दोना बनाकर मोटी कमाई कर रही है। पक्के मकानों के मलबे को कमाई का जरिया बनाने के लिए ननि ने राज्य परिवहन निगम के खाली पड़े डीपों परिसर में दो साल पूर्व सी एण्ड डी कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलेशन मशीन लगाई थी। नगर निगम नए निर्माण के लिए तोड़े गए पक्के मकानों के मलबे का प्रबंधन सीएण्डडी मशीन के माध्यम से करता था। मलबे के बड़े-बड़े टुकड़ों को तोड़कर गिट्टी, लोहा, लकड़ी, आदि को अलग कर समूह की महिलाएं सामग्री का उपयोग निर्माण सामग्री के रूप में करती थीं। समूह की महिलाएं निर्माण सामग्री से ननि के लिए नाली का ढक्कन तैयार करती थी। बीच में मलबा उपलब्ध नहीं होने एवं निर्मित सामग्री की मांग कम होने के कारण समूह की महिलाओं ने काम करना बंद कर दिया था। सीएण्ड एम डी यूनिट की बिजली भी कट गई थी। एक महीने पूर्व आयुक्त ने समूह की महिलाओं को सक्षम बनाने की पहल की है आयुक्त की पहल पर सीएण्ड डी यूनिट फिर से महिलाओं की कमाई का जरिया बन गया। अब समूह की महिलाएं पक्के मकान के अवशेषों का प्रबंधन कर सामग्री से प्लेबर ब्लॉक बना रही है। समूह द्वारा निर्मित प्लेबर ब्लॉक का उपयोग नगर निगम विकास कार्यों में करेगा।

### ऐसे होता है कचरे का उपयोग

नए निर्माण के लिए लोग पुराने मकानों को तोड़ते हैं तथा मलबे को सड़क किनारे जमा कर देते हैं। मलबे से आवागमन में समस्या होती है तथा नालियां जाम हो जाती है। पूर्व में इस मलबे को डंपिंग यार्ड में फेंक दिया जाता था लेकिन सीएण्ड डी मशीन लगने के बाद पक्के मकानों के मलबे को डीपों परिसर में जमा किया जाता है। यहां समूह की महिलाएं बड़े-बड़े टुकड़ों को तोड़कर ईंट, गिट्टी सहित अन्य सामग्रियों को अलग कर मलबे के टुकड़ों को मशीन में डाल देती हैं। सभी निर्माण सामग्रियों को चूरा बना देती है। गिट्टी-लोहा-लकड़ी अलग करने के बाद महिलाएं मलबे में सीमेंट मिलकर पेबर ब्लॉक तैयार कर रही है।

#### ननि को पड़ती है जरूरत

ननि विकास कार्यों के लिए समय-समय पर पेबर ब्लॉक की खरीदी करता है। अब निगम अपनी आवश्यकता के अनुसार समूह द्वारा कचरे से निर्मित पेबर ब्लॉक की खरीदी करेगा। इस पहल से कचरे का निष्पादन होने के साथ ही इसे उपयोगी एवं महिलाओं के कमाई का जरिया बनाया गया है। समूह की महिलाएं इस तरह के मलबे से ननि के लिए अन्य उपयोगी निर्माण सामग्री बनाने पर भी विचार कर रही है।

#### की जाएगी खरीदी

बंद बड़ी सीएण्ड डी यूनिट को चालू कर समूह को सौंप दिया गया है। यूनिट को चालू करने नए सिरे से थ्री फेस विद्युत कनेक्शन लगाने के साथ महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक पेबर ब्लॉक निर्माण कर रही है। समूह द्वारा निर्मित पेबर ब्लॉक की खरीदी विकास कार्यों के लिए की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि



# गणेशपुर के पोल्ट्री फार्म में मृत मुर्गियों को फेंका खुले खेत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम गणेशपुर में स्थित एक पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मरे हुए मुर्गियों को खुले आसमान के नीचे एक ग्रामीण के खेत में फेंक दिए जाने एवं फैलती बदबू से ग्रामीणों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी द्वारा गैर जिम्मेदाराना बयान देने एवं अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

- गांव में बर्ड फ्लू फैलने की आशंका से ग्रामीणों के मन में डर का माहौल
- फैलती बदबू व डर से खेत के नजदीक नहीं जा रहे ग्रामीण

बर्ड फ्लू जैसी गंभीर के प्रकोप को लेकर जहां एक तरफ शासन स्तर पर कई तरह के दावे किए जाते हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर स्थिति कुछ और ही बयां करती नजर आ रही है।गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी श्याम हलदार द्वारा रिहायशी इलाके में ही एक पोल्ट्री फार्म का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है।इसी बीच शनिवार को पोल्ट्री फार्म के दर्जन भर मुर्गी की अचानक मौत हो जाने से पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मृत मुर्गियों को गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है।ऐसे में कुछ समय पश्चात मृत मुर्गियों से आने वाली दुर्गंध से आसपास के रहवासियों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पिछले दिनों पड़ोसी जिले कोरिया में वर्ड फ्लू बीमारी के प्रकोप फैलने को लेकर प्रशासन द्वारा सतर्कता बरत स्थिति को काबू करने का कार्य किया गया है।साथ ही सुरजपुर जिला प्रशासन द्वारा भी तत्काल वर्ड फ्लू के प्रकोप को लेकर जिले भर में सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर विभागीय कर्मचारियों के लापरवाही से प्रशासन की मंशा केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से सफल होती नजर आ रही हैं।गौरतलब है कि बर्ड फ्लू के संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा उन क्षेत्र के लोगों को है,जो पोल्ट्री फार्म या किसी पक्षी विहार में काम करते हैं।इसके अलावा उन सभी लोगों को खतरा है, जो संक्रमित व्यक्ति के आसपास हैं या उसकी देखभाल कर रहे हैं।

इस विषय पर सिलफिली पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. सुधीर कुमार जायसवाल ने बताया कि मुझे किसी ग्रामीण ने फोन पर मामले की जानकारी दी थी।मैंने ग्रामीण को कहा था कि यह हमारा कार्य नहीं है और संबंधित सरपंच को सूचना देकर मृत मुर्गियों को दफन करा दिए जाने का सुझाव दिया गया है। रविवार के दिन अवकाश होने की वजह से उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना अभी नहीं दे पाया हूं।

## डॉ. अंबेडकर की जयंती के पूर्व प्रतिमा की सफाई कर किया दीपदान

**बिश्रामपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर रविवार को भाजपा मंडल शिवनंदनपुर व बिश्रामपुर द्वारा संयुक्त रूप से अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब के प्रतिमा की सफाई कर दीपदान किया गया।



गौरतलब है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर बिश्रामपुर व शिवनंदनपुर भाजपा मंडल द्वारा संयुक्त रूप से नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित अंबेडकर जी के प्रतिमा की साफ सफाई कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इसके पश्चात दीपदान किया गया। कार्यक्रम में शिवनंदनपुर मंडल के प्रभारी व नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े व कैलाश सिरदार, ललित गोयल, नपं शिवनंदनपुर संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल बल्लू, श्यामू साहू, विजयराज अग्रवाल, देवधन राम बिंझिया, अशोक गुप्ता,राजेश यादव, संजीत सिंह, दीना यादव, शीतीकांत स्वाई बाबू, रितेश जायसवाल, विनोद शाह, अनीता सिंह,श्यामू साहू, शिव राजवाड़े, सूरज सेठी, पार्षद रविशंकर बउवा, विनोद शर्मा, विवेक जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

## वन भूमि को खेत बना रहे जेसीबी को वन अमले ने किया जब्त

**प्रतापपुर।** एसडीओ आशुतोष भगत व वन परिक्षेत्र अधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि वन परिक्षेत्र के धर्मपुर जंगल में लंबे समय से जंगल के भीतर अवैध रूप से कब्जा करने के होड़ में शिकायत प्राप्त मिल रही थी। दलबल के साथ में वन विभाग के द्वारा छापा मार कार्रवाई करते हुए कक्ष क्रमांक पी 11 कोटरा नामक स्थान पर जेसीबी मशीन से खेत बनाया जा रहा था। वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ में कई एकड़ में लगे हुए छोटे पेड़ पौधों को मशीन से नुकसान पहुंचाते हुए खेत और मेढ़ बनाने के लिए भूमि पर फसल लगाने हेतु कार्य किया जा रहा था। जिसकी शिकायत पर वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन एवं ड्राइवर के साथ भूमि पर कब्जा करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया है। वाहन मालिक का नाम अभिनय कुमार आ.सुरेंद्र प्रसाद (27 वर्ष) जानी पनीका सलाका थाना भैयाथान का जेसीबी बताया जा रहा है। चालक पिंटू आ. इसराइल (26 वर्ष) सर्की सलका का निवासी को हिरासत में लिया गया है तथा जेसीबी वाहन को जब्त कर लिया है। एसडीओ वन विभाग आशुतोष भगत ने बताया कि उक्त मामले की कार्रवाई की गई है। अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ से छोटे वनों को रौंदा गया है। और कई हेक्टेयर भूमि को कब्जा करने के हार से खेत बनाई जा रही थी जिस कारण से जेसीबी मशीन को राज साज की कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गई है।

## अवैध रेत परिवहन कर रहे दो वाहनों को प्रशासन की टीम ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य अब भी जारी है।सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर आज रविवार को खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत खदानों में छापामारी कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को जब्त किया है।गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र के राजापुर, हर्राटिकरा, कांसापारा, कुरवां, सोहागपुर समेत कई स्थानों की नदियों से अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य बदस्तूर जारी है।विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से शासन को कई लाख रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज व राजस्व विभाग सुरजपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम राजापुर में आकस्मिक छापामारी कार्यवाही की गई।यहां पर 2 वाहन को जब्त कर पुलिस थाना जयनगर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।इसके पूर्व 8 अप्रैल को भी खनिज अमले द्वारा ग्राम राजापुर, खड़गवांकला, कल्याणपुर क्षेत्रों में खनिज रेत, ईंट, गिट्टी के 4 अन्य वाहनों को भी जब्त कर अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज गया था। इन सभी अवैध परिवहनकर्ताओं पर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।



# सरहुल पर्व के अवसर पर मूली पहड़ा समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदिवासी समाज द्वारा शनिवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। मूली पहड़ा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।



बता दें कि प्रकृति महापर्व सरहुल, कठोरी, ख़द्दी कृषि सत्र के प्रारंभ से पूर्व प्रकृति की पूजा का पर्व है। इस पर्व में धरती और सूर्य का विवाह किया जाता है और उनसे विनती की जाती है की आने वाले समय में अच्छी बारिश और अच्छा मौसम हो जिससे धरती और सूर्य के बच्चे अर्थात धरती पर जितने भी जीव-जंतु, वनस्पतियां, पेड़-पौधे सभी कुछ स्वस्थ हो और अन्न का उत्पादन बहुत अच्छा हो। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सोनभद्र से बबलू धांगर, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीसी श्रीमती शोभा भगत, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष डॉ. अमृत सिंह मरावी, अनूप टेकाम, अशोक सिंह मरावी शामिल हुए। इस दौरान मंगल उरांव बेल/ अध्यक्ष मूली पड़हा अंबिकापुर के अध्यक्षता में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो घड़ी चौक से शुरू होकर संगम चौक, महामाया चौक, गुरु नानक चौक, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक से होते हुए वापस कला केंद्र मैदान में संपन्न हुई। शोभा यात्रा के बाद विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पूजा समिति के अध्यक्ष रामनाथ भगत, सचिव अनिल मिंज, उपसचिव कृष्णा कुजुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम भगत, उरांव समाज के पारंपरिक सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, न्यायिक स्वशासन व्यवस्था-पड़हा देवान उमेश कुमार भगत, युवा प्रभाग के अध्यक्ष राजेश एक्का, उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिर्की, सचिव नवीन कुमार भगत, सहसचिव जीत भगत, कोषाध्यक्ष निरेंद्र केरकेट्टा, गुंजा भगत, मूली डाड़ा एवं अतखा पड़हा पदाधिकारी भारतेंदु भगत, बनवीर, जगेश्वर भगत, अनिल मिंज, कृष्णा कुजूर, देवचरण भगत, श्रवण मिंज, अनिल लकड़ा, कुमार साय आदि मौजूद थे।

## गाज से जले खम्हरिया सब स्टेशन में लगा नया पावर ट्रांसफार्मर

**अम्बिकापुर।** विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ हुई बेमौसम बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया विद्युत उपकेंद्र का पावर ट्रांसफार्मर जल गया। गाज से पावर ट्रांसफार्मर के खराब होने से बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर अधिकारियों ने प्रभावित गांवों में उदयपुर विद्युत सब स्टेशन से आपूर्ति प्रारम्भ की। गर्मी के मौसम में विद्युत मांग को देखते हुए अधिकारियों ने रविवार को खराब पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगाया। कार्यपालन यंत्री रोशन नागवंशी ने बताया कि रविवार को शाम 4 बजे विद्युत सब स्टेशन में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ट्रांसफार्मर को चार्ज करने के बाद पूर्ववत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# हवन और महा आरती के साथ मारुतीनंदन ज्ञान यज्ञ व राम कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गांधीनगर स्थित गांधी चौक पर स्थित श्री मारुती नंदन हनुमान मंदिर में श्री हनुमंत सेवा समिति द्वारा 6 अप्रैल से आयोजित हनुमान जन्मोत्सव समारोह रविवार को यज्ञ पूजन, हवन और पूर्णाहूति के साथ संपन्न हुआ। पूर्णाहुति के बाद भगवान श्रीराम और रामभक्त हनुमान की भव्य महाआरती की गई। इसके साथ ही शाम को महाविशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया। सामूहिक भंडारे के बाद एक सप्ताह से चल रहे श्री मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ और श्री रामकथा का भी देर रात समापन हुआ।

- भंडारे में हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पावन श्री रामकथा वाचन करने पधारे कथावाचक पंडित प्रह्लाद महाराज ने कथा के अंतिम दिन कथा के साथ सुमधुर रामभजनो से श्रद्धालु जन को भाव विभोर कर दिया। राम भवन में लीन होकर भक्त जमकर झूमे। 7 दिन चले रामकथा का प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने आनंद लिया। इस दौरान श्री हनुमान मन्दिर में विशाल उत्सव का भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रतिदिन भोग भंडारे होते रहे और लोग भक्ति रस में सराबोर रहे। श्रीराम कथा के अन्तिम दिन कथावाचक पंडित प्रह्लाद जी महाराज ने सुख, मंगल और यश प्राप्ति के लिए जीवन में धैर्य, संयम और संतुष्टि के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अनर्गल विषय, तृष्णा और विचारों को सदा नजरअंदाज करना चाहिए, इससे मानव का जीवन और कुटुम्ब सदैव खुशहाल होगा, सन्तति सदैव प्रगतिशील और मंजिल प्राप्त करेगी, अंतर्मन शुद्ध और सात्विक बनेगा।

हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह मंदिर में विराजे हनुमान जी का विधिवत पूजन और अभिषेक किया गया। यज्ञाचार्यों ने अनवरत राम नाम जप किया। लगभग सवा क्विंटल हवन सामग्री की आहुति दी गयी। सैकड़ों लोगों ने हवन में भाग लिया। शाम 5 बजे से देर रात तक महाविशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति की ओर से कथा समापन उपरांत पूज्य कथावाचक और उनकी टीम के सदस्यों को व्यास मंच पर पगड़ी पहनाकर सत्कार किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में व्यास जी ने समिति के सभी सक्रिय सदस्यों को श्रीराम नाम अंकित अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने इस भक्तिमय आयोजन के लिए समिति की भरपूर सराहना की। उन्होंने अंत में कहा सनातन की रक्षा के लिए ऐसे धार्मिक आयोजन की श्रृंखला अटूट रहनी चाहिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411